**Regarding problem of sickle-cell anaemia among tribals**

श्री गजेन्द्र सिंह पटेल **(खरगौन) :** माननीय सभापति महोदय, मैं मध्य प्रदेश के खरगौन-बड़वानी जनजातीय लोक सभा से चुन कर आया हूं ।?(व्यवधान) मैं खरगौन और बड़वानी जिले की जनता को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने मुझे दूसरी बार माननीय सांसद के रूप में चुना है । मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं ।?(व्यवधान) मैं देश के जनजातीय समाज के 11 करोड़ लोगों से संबंधित महत्वपूर्ण विषय को यहां रखना चाहता हूं ।?(व्यवधान) सिकल सेल एनिमिया एक गंभीर बीमारी है, जो रक्त से जुड़ी हुई बीमारी है और यह कोरोना जैसी गंभीर बीमारी से भी ज्यादा गंभीर बीमारी है ।?(व्यवधान) यह ब्लड की बीमारी है ।?(व्यवधान) इससे हाथ पैर में दर्द, अपचन और भूख रहती है और रोगी को बार-बार रक्त भी चढ़ाया जाता है ।?(व्यवधान)

मैं माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी और माननीय प्रधान मंत्री जी से आग्रह करता हूं कि देश भर के साइंटिस्टों, वैज्ञानिकों के माध्यम से इस गंभीर सिकल सेल बीमारी का इलाज का रास्ता सुलभ करें । ? (व्यवधान) यह आनुवांशिक बीमारी है, जिससे हमारे जनजातीय समाज का वर्चस्व भी खत्म हो रहा है ।? (व्यवधान) इसलिए जनजातीय समाज को बचाने के लिए इसकी रिसर्च की जाए और इसका इलाज किया जाए ।? (व्यवधान)

मैं माननीय मंत्री जी से आग्रह भी करता हूं कि इस सिकल सेल एनीमिया को ?आयुष्मान कार्ड? की योजना में जोड़ा जाए ।? (व्यवधान) इसमें मिलने वाली जो पेंशन है, उसे 2500 रुपये कर दिया जाए, जिससे हमारे जनजातीय समाज को इसका लाभ मिल पाए ।? (व्यवधान) मैं आपको पुन: धन्यवाद देता हूं ।? (व्यवधान)

**12.31 hrs**

*At this stage, Shri Harendra Singh Malik, Adv. Chandra Shekhar and some*

*other hon. Members came and stood on the floor near the Table.*